ऐसे एकीकृत विकास की दशा में लगाया जाएगा । न्यूनतम आवश्यकताओं पर आधारित कार्यक्रम, जिसका उद्देश्य जनता को उत्तम स्वास्थ्य और अन्य कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है, परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए एक अधिक प्रभावकारी आधार प्रदान करेगा ।

2 परिवार नियोजन कार्यक्रम में सुधार के लिए जो अन्य कदम उठाए गए हैं उनमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं —

(1) माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य की उत्तम देखभाल के लिए रोग-प्रति-रक्षण और रोग-साधन योजनाओं को सुदृढ़ करना,

(2) राज्यों में आधारभूत सुविधाओं का उत्तम ढंग से उपयोग करने पर अधिक जोर देना ताकि इससे उत्तम निष्पत्ति में योगदान मिले,

(3) स्थानीय निकायों, स्वैच्छिक संगठनों, श्रमिक संघों आदि को तथा जनता को कार्यक्रम में अधिक प्रभावकारी ढंग से शामिल करना,

(4) सुधरी हुई गर्भनिरोधक टैक्नालोजी तैयार करने पर जोर,

(5) चुनिंदा जिलों में परिवार नियोजन प्रयत्नों को तेज करना ।

(6) उन राज्यों में निष्पत्ति में सुधार करने के लिए विशेष जोर देना जो निष्पत्ति के स्तरों में राष्ट्रीय औसत तक नहीं पहुंचे हैं; और

(7) परिवार नियोजन के लिए उत्तम प्रेरणा और सेवाएं प्रदान करने के लिए एक उद्देश्यीय कार्यकर्ताओं के स्थान पर बहुद्देश्यीय कार्यकर्ताओं को क्रमिक रूप से लगाना और उन्हें प्रशिक्षण देना ।

उद्योगों में श्रमिकों की भागीदारी

3140. **डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने जनवरी, 1974 में गैर-सरकारी क्षेत्र के उद्योग के निदेशकों के एक सम्मेलन में यह टिप्पणी की थी कि उद्योगों में श्रमिकों की भागीदारी नीचे के स्तर से आरम्भ होनी चाहिए , और

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

श्रम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बालगोविन्द वर्मा) : (क) जी हां ।

(ख) प्रस्तावित व्यापक औद्योगिक संबंध विधेयक में, प्रबन्ध में श्रमिकों की भाग लेने संबंधी व्यवस्थाओं पर उचित ध्यान दिया जायेगा ।

बेलाडिला परियोजना

3141. **श्री लम्बोदर बलियार** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) पिछले वर्षों के दौरान बेलाडिला परियोजना में कितनी प्रगति हुई,

(ख) क्या वहां पर लौह अयस्क का उत्पादन प्रारम्भ हो गया है, और

(ग) यदि नहीं, तो उत्पादन कब प्रारम्भ होगा ?

इस्पात और खान मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री सुबोध हंसदा) : (क) से (ग) : राष्ट्रीय खनिज विकास निगम द्वारा विकसित बेलाडिला निक्षेप सं० 14 में अप्रैल, 1968 से उत्पादन आरम्भ हो गया था तथापि बेलाडिला निक्षेप संख्या 5 अभी निर्माणावस्था में है । नवीनतम संकेतों के अनुसार इस प्रायोजना में 1975-76 की अन्तिम तिमाही में उत्पादन आरम्भ होने की संभावना है ।